भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3223
जिसका उत्तर मंगलवार, 17 मार्च, 2015 को दिया जाना है

लघु उद्योगों संबंधी भुगतान आदेश

3223. डॉ. सुभाष रामराव भामरेः

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मैसर्स इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड (आईएल), कोटा ने लघु उद्योगों से वस्तुएं खरीदने के लिए लघु उद्योग इकाइयों द्वारा बनाए गए भुगतान आदेशों के विभिन्न खंडों का पालन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या मैसर्स आईएल ने न तो लघु उद्योग इकाइयों को वस्तुएं वापिस की हैं और न ही उन्हें भुगतान किया है जिसके परिणामस्वरूप इन्हें वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्धेश्वर)

(क) और (ख): मैसर्स इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड, कोटा ने सूचित किया है कि उन्होंने लघु उद्योगों (एसएसआई) से वस्तुएं खरीदने के लिए दिए गए क्रय आदेशों के विभिन्न खंडों का सदैव पालन किया है। क्रय आदेश की निबंधनों के अनुसार भुगतान किए जाते हैं। तथापि, वित्तीय कठिनाई के कारण भुगतान में विलंब हुआ है।

(ग) और (घ): स्वीकार की गई सभी सामग्रियों के प्राप्ति वाउचर्स को भुगतान के लिए मंजूरी दी जाती है। तथापि, वित्तीय कठिनाई के कारण भुगतान में विलंब हुआ है। ग्राहकों को सप्लाई की गई वस्तुओं को यदि अस्वीकृत किया जाता है तो आपूर्तिकर्ता एसएसआई को उसके बारे में सूचित किया जाता है और ग्राहक से प्राप्त होने पर सामग्री आपूर्तिकर्ता को वापस कर दी जाती है। एसएसआई को देय भुगतान की सूची संलग्न है। 38 एसएसआई में से 13 एसएसआई को पूर्ण भुगतान कर दिया गया है और 5 एसएसआई को आंशिक भुगतान किया गया है।

मैसर्स इन्स्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड ने सूचित किया है कि 31.03.2014 की स्थिति के अनुसार एसएसआई को देय कुल ₹2.44 करोड़ की राशि में से ₹1.28 करोड़ का भुगतान कर दिया गया है। अस्वीकृतियों के कारण ₹12.49 लाख रोके गए हैं और अस्वीकृतियों के निपटान के बाद देय होंगे। दिनांक 12.03.2015 की स्थिति के अनुसार ₹1.02 करोड़ का भुगतान लंबित है और इसे निधि उपलब्ध होने पर जारी किया जाएगा।

****

इन्स्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड, कोटा इकाई

क्र. सं.	एसएसआई यूनिट का नाम	एसएसआई यूनिट को देय भुगतान	किया गया भुगतान	12.03.2015 की स्थिति के अनुसार बकाया राशि	स्थिति
1	आर बी उद्यम	6240	6240	0.00	भुगतान किया गया
2	वी. ऑटोमैट	85280	85280	0.00	भुगतान किया गया
3	मितरा इंडस्ट्रीज	50207	50207	0.00	भुगतान किया गया
4	ऑटोमीटर एलाइंस	115675	115675	0.00	भुगतान किया गया
5	ब्रासो फौज	200000	200000	0.00	भुगतान किया गया
6	प्रगीत इंजीनियरिंग	94000	94000	0.00	भुगतान किया गया
7	मयूर केबल्स	4475725	4475725	0.00	भुगतान किया गया
8	चिनो	827197	827197	0.00	भुगतान किया गया
9	मैसीबस	510499	510499	0.00	भुगतान किया गया
10	एस.एल. कास्टिंग एवं एलाइड इंडस्ट्रीज	36109	36109	0.00	भुगतान किया गया
11	यू के इंडस्ट्रीज	1071162	1071162	0.00	भुगतान किया गया
12	हिमाचल वायर इंडस्ट्रीज (प्रा.) लिमिटेड	1601346	1601346	0.00	भुगतान किया गया
13	ऊषा मैकेनिकल वर्क्स	74590	74590	0.00	भुगतान किया गया
14	लेक्संस	6518507	700000	5818507.00	आंशिक भुगतान किया गया
15	रिनेके	1288340	989840	298500.00	आंशिक भुगतान किया गया
16	कटारिया इंडस्ट्रीज (प्रा.) लिमिटेड	4147335	2000000	2147335.00	आंशिक भुगतान किया गया
17	सेरटेल	30000	18000	12000.00	आंशिक भुगतान किया गया
18	निक्को	29512	4956	24556.00	आंशिक भुगतान किया गया और शेष राशि अस्वीकृति के कारण रोकी गई
19	अबकस	539233		539233.00	अस्वीकृति के कारण रोका गया
20	जे. एन. रोबोटिक	506793		506793.00	अस्वीकृति के कारण रोका गया
21	निधि इंटरप्राइजेज	179000		179000.00	अस्वीकृति के कारण रोका गया
22	अर्जुन	191000		191000.00	31.03.2014 से पूर्व एसएसआई
23	एमएसी	231000		231000.00	31.03.2014 से पूर्व एसएसआई
24	बॉयलर कंट्रोल	500000		500000.00	31.03.2014 से पूर्व एसएसआई
25	त्रिरुपति स्टेशनरी	41302		41302.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
26	प्रीसीशन	8331		8331.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
27	कोमार्क इंडिया	690000		690000.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
28	इंडिस्ट्रियल रबर	8000		8000.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
29	कोटा फैब	25000		25000.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
30	न्यू दुर्गा	20000		20000.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
31	आरिएंट कोटा	27000		27000.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
32	आर. बी. उद्यम	20000		20000.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
33	सुरेन्द्र प्रोसेस	44000		44000.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
34	साई मनदीप	16000		16000.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
35	जैन मेटल	76000		76000.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
36	निधि इंटरप्राइजेज	73000		73000.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
37	स्प्रिंग इंडिया	36000		36000.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
38	महिन्द्रा	10000		10000.00	31.03.2014 के पश्चात् जोड़ी गई एसएसआई
	कुल	**24403383**	**12860826**	**11542557**	

38 एसएसआई में से 13 एसएसआई को पूर्ण भुगतान और 5 एसएसआई को आंशिक भुगतान किया गया है। क्रम सं. 25-38 पर वे एसएसआई हैं जिन्हें मार्च, 2014 के पश्चात् जोड़ा गया है।

₹24403383/- के कुल देय भुगतान में से ₹12860826/- करोड़ का भुगतान किया गया है।